सार-समाचार

सरपंच समोदरा देवी पूजा-अर्चना करके पदभार ग्रहण किया



निवाई। ग्राम पंचायत भरथला में नवनिर्वाचित सरपंच समोदरा देवी व उपसरपंच सूरज कुमावत ने विधिवत पूजा-अर्चना करके पदभार ग्रहण किया है। पदभार ग्रहण समारोह की शुरुआत ग्राम पंचायत में वैदिक रीति-रिवाजों के साथ की गई, जिसमें क्षेत्र की सुख-समृद्धि व विकास की कामना की गई। इस अवसर पर पूर्व सरपंच ने नवनिर्वाचित सरपंच को औपचारिक रूप से कार्यभार सौंपा और उन्हें उज्ज्वल कार्यकाल के लिए हार्दिक बधाई दीं। नवनिर्वाचित सरपंच समोदरा देवी व उपसरपंच सूरज कुमावत का माला पहनाकर स्वागत किया और मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। पंचायत विकास समिति के संरक्षक जितेंद्रसिंह राजावत ने दोनों जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए गांव के विकास, जनहित व मूलभूत समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने की अपील की। समारोह में दयाराम सरपंच, कैलाश चौधरी, धोलूराम गुर्जर, पूर्व उप सरपंच भंवरलाल गुर्जर, संतरा काकी, नरेंद्रसिंह भरथला, महावीर कुमावत, हंसराज गुर्जर, बजरंग लाल, देवेंद्र सिंह राजावत, सत्येंद्र सिंह राजावत, मणिशंकर व मुकेश कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

जेसीबी मशीन की चपेट में आने से घायल मजदूर की मौत

अलवर। शहर के जीआरपी थाना क्षेत्र में माल गोदाम के पास जेसीबी मशीन की चपेट में आने से घायल हुए 46 वर्षीय मजदूर की रविवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसा 20 नवंबर को हुआ था। मजदूर की छाती पर जेसीबी मशीन के अगले हिस्से से गंभीर चोट लगी थी। तीन दिन तक निजी अस्पताल में उपचार के बाद उसने दम तोड़ दिया। जीआरपी थाने के हेड कांस्टेबल शंकरलाल नेगट्टा ने बताया कि मृतक नीरज पुत्र शिवकुमार निवासी फिरोजपुर था। वह अलवर में रहकर मजदूरी करता था। 20 नवंबर को माल गोदाम के पास काम के दौरान जेसीबी मशीन के अगले हिस्से से उसकी छाती पर चोट लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां बाद में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक के चार बच्चे हैं और उसकी पत्नी का पहले ही निधन हो चुका है। ऐसे में परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। फिलहाल जीआरपी पुलिस शव का पोस्टमार्टम करवाने की कार्रवाई कर रही है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी है।

कम्युनिटी थिएटर टोंक की प्रस्तुति अब बेंगलुरु के प्रतिष्ठित थिएटर फेस्टिवल में होगी

टोंक। नाट्य संस्था कम्युनिटी थिएटर टोंक की चर्चित नाट्य प्रस्तुति द डेथ ऑफ गैलीलियो का मंचन 25 नवंबर को बेंगलुरु में आयोजित प्रतिष्ठित थिएटर फेस्टिवल प्लेइन्टरप्ले में किया जाएगा। यह आयोजन इनलाखस शिवदासनी फाण्डेशन के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। कम्युनिटी थिएटर द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार इस नाटक का चयन एवं मंचन राजस्थान के सबसे बड़े नाट्य महोत्सव जयपुर रंग महोत्सव (2022) तथा एशिया के सबसे बड़े नाट्य महोत्सव भारत रंग महोत्सव (2024) में हो चुका है। अब बेंगलुरु के इस प्रतिष्ठित मंच पर प्रस्तुति देना न केवल संस्था, बल्कि पूरे टोंक शहर के लिए गर्व और खुशी का अवसर है। प्दसौ पेपअर्केदप थ्वनदकंजपवद पिछले पांच दशकों से कला, संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को छात्रवृत्ति, फेलोशिप और पुरस्कारों के माध्यम से प्रोत्साहित करने वाली प्रतिष्ठित संस्था रही है। संस्था ने थिएटर के क्षेत्र में भी कलाकारों और रचनात्मक प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह महोत्सव प्दसो के थिएटर अवॉर्ड प्राप्त कलाकारों और स्कॉलर्स को एक मंच पर लाने की विशेष पहल है, जहाँ वे अपने नाटकों, अनुभवों, कौशल और रचनात्मक प्रक्रियाओं को साझा कर रहे हैं। इस आयोजन में नाट्य प्रस्तुतियों के साथ कार्यशालाएँ, संवाद और अनुभव साझा करने के सत्र भी शामिल हैं। ऐसे महत्वपूर्ण आयोजन का हिस्सा बनना कम्युनिटी थिएटर टोंक की रंगमंचीय यात्रा में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है। गैलीलियो के जीवन और विचारों के माध्यम से यह प्रस्तुति दर्शकों को सत्य के पक्ष में खड़े होने और अपने समय के महत्वपूर्ण सवालों से संवाद करने के लिए प्रेरित करती है। इस नाटक का निर्देशन राजकुमार रजक द्वारा किया गया है। नाटक का संगीत गर्वित गिदवानी ने कंपोज किया है तथा सिलीगुड़ी के संगीतकार सायन ने इसे सुपरवाइज किया है। संगीत सहायक के रूप में अमन तसेरा, मोहित वैष्णव एवं हरमेंद्र सरताज जुड़े हैं। टोंक की मिट्टी से निकली यह रंगमंचीय प्रस्तुति अब बेंगलुरु के दर्शकों तक पहुँचेगी। निश्चित रूप से यह टोंक के कला, साहित्य और रंगमंच से जुड़े लोगों के लिए गर्व का क्षण है।

58 साल की बेटी बनीं सरपंच, मां ने सौंपा चार्ज

टोंक। जिले में सरंपच चुनाव के नतीजे आने के बाद पदभार सौंपने का अनोखा मामला सामने आया है। निवर्तमान सरपंच 78 साल की झमरी देवी मीणा ने अपनी 58 साल की बेटी पाली देवी मीणा को सरपंच का चार्ज सौंपा। दरअसल, जिले की देवली पंचायत समिति की नवगठित ग्राम पंचायत ठीकरिया कला में बुजुर्ग मां से बेटी ने सरपंच पद की जिम्मेदारी संभाली तो सैकड़ों ग्रामीण भी साथ रहे। इस दौरान बेटी पाली देवी भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि वे मां की विरासत को आगे बढ़ाएंगी और गांव का विकास करेंगी। ग्रामीणों ने भी कहा- अब मां की जगह बेटी सरपंचाई करेगी और गांव के विकास कार्यों को आगे बढ़ाएंगी। आकोड़िया निवासी पूर्व सरपंच झमरी देवी मीणा चंदवाड़ पंचायत की सरपंच थीं। इस बार इनके गांव और तीन गांव मिलाकर ठीकरिया कला नई पंचायत बन गई। इसी ठीकरिया कला में पाली देवी मीणा का ससुराल है और उनके पति रिटायर्ड फौजी है। ऐसे में इस बार हुए सरपंच के चुनाव में निवर्तमान सरपंच झमरी देवी मीणा की जगह परिवार वालों से सहमति के बाद उनकी बेटी पाली देवी ने सरपंच का चुनाव लड़ा और काफी करीबी मुकाबले में 24 वोटों से अपने प्रतिद्वंदी से जीती हैं। पंचायत में कुल 2,336 वोट थे। इनमें से पाली देवी को 469 वोट मिले और उनकी प्रतिद्वंदी माया देवी को 445 मत मिले थे।

राष्ट्रीय तीरंदाजी में दो गोल्ड मेडल जीतने वाले युवराज वर्मा का सम्मान

फुलेरा। मेघालय के शिलांग में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में फुलेरा के होनहार खिलाड़ी युवराज वर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मिक्स टीम एवं पुरुष टीम वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। उनकी इस गौरवशाली उपलब्धि पर बलाई समाज विकास परिषद फुलेरा की ओर से सम्मान समारोह आयोजित कर उनका अभिनंदन किया गया। परिषद के मीडिया प्रभारी राजकुमार देवाल ने बताया कि युवराज वर्मा की इस ऐतिहासिक सफलता पर परिषद पदाधिकारियों ने उन्हें सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं। साथ ही खिलाड़ी की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले उनके कोच बंशी वर्मा का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर बलाई समाज विकास परिषद के अध्यक्ष ताराचंद मेहरड़ा, संरक्षक मोतीलाल वर्मा, संयोजक भंवरलाल सांभरिया, महासचिव एवं पार्षद प्रितेश वर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सोना वर्मा सहित सूरज करण तंवर, कन्हैयालाल गांधी, पूरणमल बुनकर, दीपक वर्मा, गोपाल ढेनवाल, विनय देवंदा, राजेंद्र वर्मा, गौरव, रामदयाल सोलड़ा, शांति देवी एवं कंचन देवी उपस्थित रहे। परिषद पदाधिकारियों ने युवराज वर्मा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक जीतना न केवल फुलेरा क्षेत्र, बल्कि पूरे समाज के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय है। उनकी उपलब्धि से क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को भी खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

शाहपुरा थानाधिकारी रिया चौधरी का डबल एक्शन, मंदिर चोरी व चेन स्नेचिंग गैंग का पर्दाफाश

पावटा। अपराधियों पर शिकंजा कसने और आमजन में विश्वास कायम करने के अभियान के तहत शाहपुरा थाना प्रभारी रिया चौधरी ने एक के बाद एक दो बड़ी वारदातों का खुलासा कर पुलिस की सक्रियता का परिचय दिया है। शाहपुरा पुलिस ने साईवाड़ स्थित बालाजी मंदिर में दानपात्र चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, वहीं भीड़भाड़ वाले इलाकों में महिलाओं के गले से सोने की चेन और जोल्या (जंतर) तोड़कर फरार होने वाली शातिर महिला गैंग की तीन सदस्यों को भी गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों में कुल पांच आरोपियों की गिरफ्तारी से क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों को पुलिस ने कड़ा संदेश दिया है।

पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद आईपीएस ने बताया कि क्षेत्र में हुई इन वारदातों को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा लाखन सिंह एवं वृत्ताधिकारी शाहपुरा लक्ष्मीनारायण सैनी के निकटतम सुपरविजन में शाहपुरा थाना प्रभारी रिया चौधरी के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीमें गठित की गई थीं। टीमों ने

- **कुल पांच आरोपियों की गिरफ्तारी से क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों को पुलिस ने कड़ा संदेश दिया है।**

तकनीकी अनुसंधान, सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर तंत्र और लगातार फील्ड स्तर पर निगरानी के जरिए दोनों मामलों का खुलासा किया। साईवाड़ स्थित बालाजी मंदिर में दानपात्र चोरी की घटना से श्रद्धालुओं में रोष था।

18 नवंबर को परिवादी आदित्य प्रजापति निवासी साईवाड़ ने पुलिस थाना शाहपुरा में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि अज्ञात चोर मंदिर से दानपात्र चोरी कर ले गए। पुलिस ने मुकदमा नंबर 348/2026 दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने आसूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की पहचान करते हुए रमेश मीणा उर्फ रम्मो (22) और श्यामसुंदर कुमावत (35), दोनों निवासी साईवाड़ को डिटेन कर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने वारदात करना स्वीकार किया। पुलिस ने 19 नवंबर को दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय से पुलिस रिमांड प्राप्त किया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए गए दो दानपात्र और उनमें से निकाली गई 289 रुपये की नकदी बरामद कर जब्त की गई। दूसरी बड़ी कार्रवाई में शाहपुरा पुलिस ने महिलाओं के गले से सोने के जेवरात तोड़ने वाली महिला गैंग का पर्दाफाश किया। पुलिस के अनुसार गैंग की महिलाएं ई-रिक्शा, जीप और अन्य सवारी वाहनों में सफर करती थीं। भीड़भाड़ का फायदा उठाकर अन्य महिलाओं के नजदीक बैठतीं और मौका मिलते ही उनके गले से सोने की चेन एवं जोल्या (जंतर) तोड़कर फरार हो जाती थीं। इन वारदातों से क्षेत्र में महिलाओं के बीच चिंता का माहौल था।

पुलिस के अनुसार 16 अक्टूबर को चतरपुरा निवासी मेवा देवी ई-रिक्शा में शाहपुरा से अपने घर जा रही थीं। इसी दौरान उनके साथ बैठी दो अज्ञात महिलाओं ने उनके गले से सोने का जोल्या चोरी कर लिया। इस संबंध में उनके भाई शिम्भुदयाल गुर्जर ने मुकदमा दर्ज करवाया था। वहीं 18 नवंबर को शाहपुरा के पुराना दिल्ली रोड स्थित डाबर मोहल्ला निवासी ममता देवी के साथ भी ई-रिक्शा में सफर के दौरान इसी तरह की वारदात हुई। दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाया। महिला गैंग का खुलासा करने के लिए पुलिस ने क्राइम पैटर्न एनालिसिस, तकनीकी सर्विलांस, सीसीटीवी मैपिंग, रूट ट्रेसिंग, मुखबिर तंत्र और फील्ड वेरिफिकेशन का सहारा लिया। जांच में ग्राम मेहरमपुर राजपूत क्षेत्र की मिथलेश देवी उर्फ मीता (32), रीना देवी (30) और रजनी देवी (32) की संदिग्ध गतिविधियां सामने आईं। पुलिस ने तीनों को डिटेन कर पूछताछ की। अनुसंधान में आरोप प्रमाणित पाए जाने पर तीनों को 20 नवंबर को धारा 303(2) एवं 112(2) बीएनएस के तहत बापर्दा गिरफ्तार किया गया। पुलिस अब तीनों महिलाओं से जुड़ी अन्य संभावित वारदातों और गिरोह में शामिल अन्य लोगों के संबंध में भी गहन अनुसंधान कर रही है। दोनों बड़ी कार्रवाइयों में थाना प्रभारी रिया चौधरी पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में गठित टीमों की अहम भूमिका रही।

उम्र के 80 बसंत पार करने वाले बुजुर्गों का सम्मान

अलवर। उम्र के आठ दशक पार कर चुके बुजुर्गों के चेहरे पर सम्मान का भाव और आंखों में जीवनभर के अनुभवों की चमक उस समय देखने को मिली, जब शहर के पेंशन भवन में 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सदस्यों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित कर उनके लंबे जीवन के अनुभवों, सामाजिक योगदान और उपलब्धियों को याद किया गया।

इस अवसर पर पुस्तक का विमोचन भी किया गया। समारोह में नगर निगम की मुख्य अतिथि सुमन लता ने वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करते हुए कहा कि बुजुर्ग किसी भी समाज की अमूल्य धरोहर होते हैं। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों, संघर्षों और कार्यों से परिवार के साथ-साथ समाज को भी दिशा देने का काम किया है। उनके अनुभव नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन का काम करते हैं। आज की युवा पीढ़ी को बुजुर्गों के जीवन से धैर्य, अनुशासन, मेहनत और पारिवारिक मूल्यों की सीख लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करना केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी है। जिस समाज में बुजुर्गों को आदर और सम्मान मिलता है, वहां संस्कारों और परंपराओं की जड़ें मजबूत रहती हैं।

संस्था के सचिव सतीश शर्मा ने बताया कि संस्था की ओर से 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सदस्यों के सम्मान के लिए यह आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और आत्मीयता प्रकट करना है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों ने अपने जीवन का लंबा समय परिवार, समाज और कार्यक्षेत्र को समर्पित किया है। उनके योगदान को याद करना और उन्हें सम्मान देना समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन वरिष्ठ नागरिकों को आपस में मिलने-जुलने और अपने अनुभव साझा करने का अवसर भी प्रदान करते हैं। इससे नई पीढ़ी को उनके जीवन संघर्षों और उपलब्धियों को करीब से जानने का मौका मिलता है।

कार्यक्रम के दौरान पुस्तक का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर सदस्यों एवं गणमान्य लोगों ने वरिष्ठ नागरिकों के जीवन अनुभवों और समाज में उनकी भूमिका पर विचार व्यक्त किए। सम्मान समारोह में बुजुर्गों के प्रति अपनत्व और आदर का भाव देखने को मिला। आयोजन का माहौल भावनात्मक और उत्साहपूर्ण रहा।

जनप्रतिनिधियों का सम्मान

शाहपुरा। पीपलोद ग्राम में रविवार को जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें नगर निकाय व पंचायतीराज चुनाव में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का समाज सेवी सुभाष पोषवाल की ओर से माल्यार्पण व साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में शाहपुरा सभापति रविश खटाणा, पीपलोद सरपंच अर्जुनलाल सराधना, देवीपुरा सरपंच श्रवण स्वामी, खातोलाई सरपंच बागाराम गौरसी, मामटोरी सरपंच सतपाल कसाणा, बियावास सरपंच मुरारी सिंधू, कुम्भावास सक्तपुरा सरपंच शिवदयाल पायला सहित बाबूलाल पोषवाल, रणधीर प्रजापत, राजेंद्र बुनकर, वीरेंद्र चेलरवाल, सुरेश सराधना, साधुराम सराधना, रामस्वरूप पायला, ताराचंद पोसवाल, डॉ. छाजूराम चनेजा आदि का शिक्षाविद धुड़ाराम पोषवाल, सुभाष पोषवाल, धोलूराम दहिया, जयपाल सराधना, पन्नालाल लोमोड़ आदि ने जनप्रतिनिधियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया।

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अभिभावक-शिक्षक संवाद

सांभरझील, (निसं)। यहां राजकीय दरबार विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अभिभावक व शिक्षकों में संवाद हुआ, जिसमें प्रमुख रूप सस विद्यार्थियों की शैक्षिणक प्रगति, नियमित उपस्थिति को लेकर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। मेगा पीटीएम के अंतर्गत अभिभावकों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से टीचर बनाम पेरेंट्स रीडिंग प्रतियोगिता सहित विभिन्न रोचक शैक्षिणक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में संचालित रीडिंग प्रमोशन कैंपेन (मिशन पढ़ो) के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों के परिणाम घोषित किए गए। आयोजित पठन गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय एवं अभिभावकों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करना, बच्चों में पठन कौशल विकसित करना तथा शिक्षा के प्रति अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

विशाल भंडारे के साथ नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन

पावटा। कस्बे के बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर परिसर में आयोजक केशवानंद आशीष गर्ग एवं संयोजक बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर कमेटी के तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का रविवार को धार्मिक उल्लास, श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण के बीच विशाल भंडारे के साथ भव्य समापन हुआ। नौ दिनों तक चले इस आध्यात्मिक आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। कथा के अंतिम दिन वृंदावन धाम से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक अभिषेक पाठक महाराज के ओजस्वी एवं भावपूर्ण प्रवचनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। अंतिम दिन विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर कथा ज्ञान यज्ञ की पूर्णाहुति की गई। इसके पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में क्षेत्रभर से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसादी ग्रहण की। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति, सेवा और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। कथावाचक अभिषेक पाठक महाराज ने श्रीमद्भागवत की महिमा का वर्णन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, भक्ति, प्रेम, त्याग, धर्म और मानव जीवन में सद्कर्मों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक ग्रंथ का श्रवण मात्र नहीं, बल्कि मनुष्य को जीवन जीने की सही दिशा दिखाने वाली आध्यात्मिक प्रेरणा है। भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है।

- **नौ दिनों तक श्रद्धालुओं ने किया कथा अमृत का रसपान, पूर्णाहुति के बाद उमड़ा आस्था का सैलाब; कृष्ण-सुदामा की मित्रता और रुक्मणी विवाह के प्रसंगों ने बांधा समां**



श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण के बीच विशाल भंडारे के साथ भव्य समापन हुआ।

पांच वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं : कुलदीप

टोंक। उप राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अंतर्गत जिले में पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नानूराम कुलदीप, उप नियंत्रक डॉ. चेतन कुमार जैन एवं जिला अस्पताल टोंक के अभियान नोडल अधिकारी डॉ. रविंद्र सैनी द्वारा पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि जिले में अभियान के तहत 2,18,585 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के प्रथम दिवस बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। आगामी दो दिवस टीकाकरण टीमें घर-घर जाकर बूथ पर छूटे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। इसके साथ ही ट्रांजिट एवं मोबाइल टीमों द्वारा अभियान के तीनों दिवस बच्चों को टीकाकृत किया जाएगा, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नानूराम कुलदीप ने आमजन से अपील की कि पांच वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं तथा अभियान के आगामी दो दिवस स्वास्थ्य विभाग की टीमों का सहयोग कर बच्चों को पोलियो की खुराक दिलवाएं।

- **प्रथम दिवस बूथों पर बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक**
- **टोंक जिले में 2,18,585 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य**



टोंक में बच्चों ने गटकी पोलियो की खुराक।

सार-समाचार

करीब डेढ़ किलो स्मैक के साथ एक युवक गिरफ्तार

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में चलाये जा रहे नशा मुक्त अभियान के तहत घाड थानाधिकारी हरिराम वर्मा के नेतृत्व में गठित थाना टीम व जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए घाड थाना क्षेत्र के बन्थली रोड़ सरोली मोड से आरोपी रमेश पुत्र भंवर लाल तंवर उम्र 20 साल निवासी पाल खण्डा सरखण्डी थाना घाटोली जिला झालावाड़ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 किलो 475 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक व एक मोबाईल एवं 1160 रुपये नगद जप्त किया गया। पुलिस के अनुसार जप्त स्मैक की बाजार कीमत करीब 03 करोड़ रुपये बताई गई है। इस कार्यवाही में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज करके अनुसंधान जारी है।

शिविर में ब्लड प्रेशर, ईसीजी और शुगर की निःशुल्क जांच

अलवर। सरिस्का शक्ति फाउंडेशन की ओर से रविवार को मनुमार्ग स्थित सैनी स्कूल में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को परामर्श दिया। इस दौरान मरीजों की ब्लड प्रेशर, ईसीजी और शुगर की निःशुल्क जांच भी की गई। शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। फाउंडेशन की डायरेक्टर सीमा सैनी ने बताया कि संस्था की ओर से समय-समय पर सामाजिक सरोकारों के तहत इस प्रकार के चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाते हैं। इनका उद्देश्य आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि कई बार लोग व्यस्तता या जानकारी के अभाव में समय पर स्वास्थ्य जांच नहीं करवाते। ऐसे शिविरों के माध्यम से उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श और जरूरी जांच की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने बताया कि शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. बीएस सैनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रिचा गुप्ता, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेश गैरा, गैस्ट्रो रोग विशेषज्ञ डॉ. बीके सैनी, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. मनाली गुप्ता एवं डॉ. अलीशा सैनी ने अपनी सेवाएं दीं। चिकित्सकों ने शिविर में पहुंचे मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं सुनीं और आवश्यक परामर्श दिया। शिविर में ब्लड प्रेशर, ईसीजी और ब्लड शुगर की जांच की व्यवस्था भी की गई थी, जिससे लोगों को अपनी स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी मिल सकी। विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने शिविर में पहुंचकर चिकित्सकीय परामर्श लिया। सीमा सैनी ने कहा कि संस्था का प्रयास है कि समाज सेवा के साथ लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बनी रहे। समय पर जांच और चिकित्सकीय परामर्श से कई बीमारियों की पहचान शुरुआती अवस्था में की जा सकती है। इसी उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक एवं जनहितकारी कार्यक्रम जारी रखने की बात कही।

अलवर में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

अलवर। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को गीतानंद शिशु चिकित्सालय में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेंद्र शर्मा, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा सहित चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ. योगेंद्र शर्मा ने बताया कि जिले में अभियान के तहत 2 लाख 75 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान में पोलियो के मामले सामने आने के मद्देनजर विशेष सतर्कता और जागरूकता जरूरी है। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने बताया कि अभियान के लिए जिले में 1861 बूथ स्थापित किए गए हैं। पहले दिन बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई, जबकि आगामी दो दिनों तक स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाएंगे। अभियान के सफल संचालन के लिए 54 ट्रांजिट टीम, 44 मोबाइल टीम और 213 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य विभागों का भी सहयोग लिया जा रहा है, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहे।

पांच वांछित अपराधी गिरफ्तार

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में जिले में चलाये जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड़ विशेष अभियान के तहत वृताधिकारी उनियारा के सुपरविजन में सोप थानाधिकारी राजकुमार के नेतृत्व में गठित थाना टीम द्वारा थाना के प्रकरण में 2 माह से फरार आरोपी सुरजीत कंजर, पिंटू कंजर, महेंद्र कंजर, साहिल दाहिनी गाडा को अपराध प्रमाणित पाये जाने के बाद गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण मे आरोपित से अनुसंधान के बाद आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। सोप थानाधिकारी ने बताया कि गत 25 सितम्बर को मनोहरपुरा मालियान थाना सोप में सांयकाल को किरोड़ी लाल पुत्र फूलचन्द सैनी, कैलाश पुत्र गोपी व सोनू पुत्र मुकेश जो अपने घर जा रहे थे, तभी बीच रास्ते में मनोहरपुरा राजकीय प्राथमिक विद्यालय के सामने पहुंचे तो सुरजीत कंजर, पिटू व तनिश कंजर ने उन्हे रोककर शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगे जिसके बाद किरोड़ी सैनी ने पैसे देने से मना किया तो गाली गलोच करने लगे और गुस्से में आकर उनके साथ मारपीट करने लगे तथा अन्य साथियों को मौके पर बुलाकर उन्हे डंडे, लकडियो से मारा, जहा घटना में वह घायल हो गये। जिसके बाद से अपराधी फरारा हो गये थे। बाद में पुलिस टीम ने तकनीकी संसाधनो व मिली सूचना के बाद सभी लड़ाकू चारों आरोपियों को 21 नवम्बर को गिरफ्तार कर अनुसंधान के बाद उन्हे आज कोर्ट मे पेश किया जायेगा। कार्यवाही करते हुए डिग्गी थानाधिकारी गोपाल चौधरी के नेतृत्व में गठित थाना टीम द्वारा थाना प्रकरण में दर्ज एमएमडीआर एक्ट मे करीब 4 माह से फौजदारी एवं 2000 रूपये के इनामी व थाना स्तर पर टॉप-10 फरार आरोपी डम्पर चालक पृथ्वीराज मीणा को पकड़ा।

चाय की थड़ियों से गैस सिलेंडर चुराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

निवाई। पुलिस ने कस्बे में चाय की थड़ियों से गैस सिलेंडर चोरी करने की वारदातों का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से चोरी के चार गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा के निर्देशानुसार क्षेत्र में चोरी, नकबजन व धोखाधडी की रोकथाम को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव व डीवाईएसपी रविप्रकाश शर्मा के सुपरविजन में पुलिस की विशेष टीम का गठन किया। टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपी मुकेश पुत्र मदन गुर्जर निवासी सेंदरिया व हीरालाल सैनी पुत्र रामदेव माली निवासी बापू नगर को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि जीतराम राव पुत्र सीताराम राव निवासी बुरियो का खेड़ा थाना बरौनी एवं हाल किरायेदार कीर कॉलोनी ने मामला दर्ज करवाया था कि 18 नवंबर को दोपहर करीब 3 बजे गंगा जमुना गार्डन पास उनकी चाय की दुकान के बाहर से कोईचोर गैस सिलेंडर की टंकी चुरा ले गया। इसके अतिरिक्त 11 नवंबर को गणगौरी बाजार नसिया मंदिर के पास स्थित रामराय शर्मा की चाय की थड़ी एवं 18 नवंबर को हाउसिंग बोर्ड के प्रथम गेट के पास स्थित गणेश चौधरी की चाय की थड़ी से भी चोर द्वारा गैस की टंकी चोरी किए जाने की जानकारी सामने आई। इस पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। वारदातों के खुल